**सुविचार** -जन्म से ना तो कोई मित्र पैदा होता है ना ही दुश्मन वह तो हमारे घमंड, ताकत या व्यवहार से बनते हैं।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -15 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-26 फरवरी 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8

## स्मैकपाउडर मामले में फरार सह-आरोपी राज साहू गिरफ्तार

### विशेष न्यायालय में किया पेश

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा) अवैध स्मैक पाउडर के मामले में फरार चल रहे सह-आरोपी राज साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पिपरिया मोहित कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्टेशन रोड पिपरिया निरीक्षक आदित्य सेन के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

मामला अपराध क्रमांक 11/26 धारा 8, 21, 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित है। पुलिस के अनुसार आरोपी राज साहू पिता मानकलाल साहू (25) निवासी ग्राम हथवास थाना पिपरिया जिला नर्मदापुरम, लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने 15 फरवरी 2026 को ग्राम हथवास से उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की और विधिवत गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी को 16 फरवरी 2026 को विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया।

इस कार्रवाई में थाना स्टेशन रोड पिपरिया के समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।


## पिपरिया में बस से जेवर चोरी का खुलासा, हाथरस का शातिर गिरोह गिरफ्तार



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। बस में बैग से जेवरात और नकदी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय शातिर गिरोह का थाना पिपरिया पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। अब तक चोरी के जेवर बेचकर प्राप्त 70 हजार रुपए नगद बरामद किए जा चुके हैं, जबकि जेवर खरीदने वाले सुनार की तलाश जारी है।

## ऑपरेशन 'माय फोन' में सफलताः 5 गुम मोबाइल बरामद, 1.30 लाख के फोन लौटाए

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) थाना पिपरिया द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन माय फोन' अभियान के तहत पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 5 मोबाइल फोन ट्रैक कर बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 1 लाख 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिए।



पुलिस के अनुसार, पिपरिया क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतें आवेदकों द्वारा थाने में दर्ज कराई गई थीं, जिन्हें भारत सरकार के CEIR पोर्टल पर पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साइकृष्णा एस. थोटा (IPS) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में गुम मोबाइलों की पतासाजी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मोबाइल ट्रैक कर बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि CEIR पोर्टल एक केंद्रीकृत प्रणाली है, जिसके माध्यम से चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रैक और ब्लॉक किया जा सकता है। इसी पोर्टल की मदद से हाल ही में दर्ज शिकायतों में से 5 मोबाइलों को ट्रेस कर वापस दिलाया गया।

मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराएं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ CEIR पोर्टल पर आवेदन अवश्य करें।

उल्लेखनीय भूमिका निभाने वालों में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक 517 अरुण जूदेव, आरक्षक 48 मोहसीन खान एवं आरक्षक 334 अतुल विश्वकर्मा शामिल रहे।

## किसान भाई 16 मार्च तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करें चना एवं मसूर उपार्जन हेतु पंजीयन

जनसंपर्क नर्मदापुरम । म.प्र. शासन द्वारा रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। चना एवं मसूर खरीदी हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए 20 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक तिथि नियत की गई है। चना एवं मसूर उपार्जन हेतु जिले में 132 पंजीयन केंद्र निर्धारित किये गये हैं। अतः जिले के चना एवं मसूर उत्पादक कृषकों से विनम्र अपील है कि, निर्धारित किये गए केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में चना एवं मसूर विक्रय हेतु निर्धारित केन्द्रों पर पंजीयन करायें तथा योजना का लाभ ले।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर आमगांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्मदापुरम के द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर बनखेड़ी के आमगांव की आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती शशि पटेल की सेवा समाप्त कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर प्री-स्कूल एजुकेशन अंतर्गत 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। जबकि विभागीय निर्देशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रतिदिन पोषण ट्रैकर ऐप पर बच्चों की उपस्थिति एवं संबंधित जानकारी दर्ज करना अनिवार्य है। विभाग द्वारा इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए उक्त कार्रवाई की गई है।

## सम्पादकीय

# साहिल धनेषरा : न्याय की आस में जूझती मां

एक मां ने तमाम कठिनाईयों से जूझते हुए अकेले अपने बच्चे का पालन – पोषण किया। जब वह बच्चा अपने सपनों को छूने ही वाला था ठीक उसी वक्त एक बिगडैल रईसजादे ने अपनी कार से रौंद कर उसकी जिंदगी छीन ली। दिल्ली के द्वारिका में हुए इस हादसे ने एक मां से पल भर में सबकुछ छीन लिया। हम और आप इस बात का अंदाजा भी नहीं लगा सकते कि उस मां पर उस वक्त क्या बीती होगी जब उसने अपने सामने अपने बच्चे को उस हाल में देखा होगा। सिस्टम ने मां को अपने बच्चे को कई घंटों तक हाथ तक नहीं लगाने दिया। गहन दुख से भरी उस मां का वीडियो आपको झकझौर देता है वो वर्तमान कानून में बदलाव कर अपने बच्चे के लिए न्याय की गुहार कर रहीं है ताकि भविष्य में किसी मां पर ऐसी आपदा ना आए । वे कहती है कि यह कोई न्यूज स्टोरी नहीं बल्कि आंदोलन बनना चाहिए।

दिल्ली में ब्राइडल मेकअप स्टूडियो चलाने वाली इन्ना माकन के 23 साल के बेटे साहिल धनेषरा की बाइक को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चला रहे किषोर ने टक्कर मार दी और मौके पर ही साहिल की मौत हो गई। एक नाबालिग किषोर अपनी बहन को बगल में बिठाकर तेज रफ्तार में गाडी चलाते हुए रील्स बना रहे थे। उनके कुछ पल के मजे ने एक मां का पूरा संसार छीन लिया। बाद में इसी कार ने एक और गाडी को टक्कर मारी जिसमें बैठे सख्स को भी काफी चोटे आई है। अतीत में भी इस गाड़ी पर 13 चालान हो चुके है , जिनमें से 9 तेज रफ्तार के लिए है। आरोपी नाबालिग है और उसके पास लाइसेंस भी नहीं है उसने पुलिस से झूठ बोला था कि वह 19 साल का है। दस्तावेजों में उसकी उम्र 16 साल है। किशोर न्याय बोर्ड ने उसे बोर्ड परिक्षाएं देने के लिए जमानत दे दी है। आरोपी के जमानत मिलने के बाद एक मां का सब्र का बांध टूट पड़ा वह सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा शेंयर कर सबका साथ मांग रहीं है और अपने बेटे के आरोपी को किसी भी कीमत पर सजा दिलाना चाहती है। उस मां का साफ कहना है कि एक अमीर पिता की बिगड़ी औलाद को सिर्फ इसीलिए नहीं छोड़ जा सकता वह अमीर है और नाबालिग है । उसने इतना बड़ा अपराध किया है इसके लिए उसे सजा मिलनी ही चाहिए। किशोर के लिए बने कानून के पीछे भले ही नियत साफ रहीं होगी लेकिन यदि कोई कानून अमीरों के हाथ का खिलौना बन जाएं तो उसे बदलना ही होगा।

जानबूझकर किए गए गुनाह के लिए माफी नहीं होना चाहिए चाहे आरोपी नाबालिग ही क्यों ना हो । उसके तेज रफ्तार ने किसी का आंख का तारा छीन लिया। वो मां न्याय मांग रहीं है कह रहीं है अब उसके जीने का बस एक ही मकसद है न्याय। उसने अपना सबकुछ खो दिया उसके पास घर आने की कोई वजह नहीं है जीने की कोई वजह नही है। अमीरों और उनके विषेशाधिकर प्राप्त बच्चों को दंड से मुक्ति के नियम में बदलाव किया जाना चाहिए। इसी वक्त उस मां को न्याय मिलना चाहिए ताकि फिर कोई नाबालिग गुनाह ना कर सके।

ए.एस. खुराना मो. 7747022369
बी.एस.सी./डी.ओ.आर. 8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
मो. 9806969697, $ 9893692487, 9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# सरपंच,सचिव प्रतिनिधियों पर रोक लगे भागीरथ तिवारी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।**करेली आज मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करेली को लिखित ज्ञापन राष्ट्रीय श्रम जीवी पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने सौंपा जिसमें कहा कि सरपंच ,सचिव, प्रतिनिधि के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर कार्यवाही करने संबंधी बाबत स श्री तिवारी ने अपने ज्ञापन में आगे कहा कि करेली जनपद पंचायत के अंतर्गत आने बाली कुछ ग्राम पंचायतों में सरपंच ,सचिव के प्रतिनिधियों के द्वारा कार्य करने को लेकर केंद्र ,राज्य सरकारों के साथ साथ अन्य कार्यों की जानकारी गोपनीयता के तहत भंग कर बाहर जा रही है । कुछ सचिव रोजगार सहायक ग्राम पंचायतों में न रहकर शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं दिला पा रहे हैं । जिससे कि ग्रामीण जनों को लाभ नहीं मिल पा रहा है । शासन के द्वारा निर्देश हैं कि मंगलवार को ग्राम पंचायतों में बैठकर जनसुनवाई करे । पर जनसुनवाई न करते हुए अपनी मनमानी पर उतारू रहते है । समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय में भी नहीं आते हैं । अतः आप अनौपरिचिक तरीके से भ्रमण कर पंचायतों में नहीं आने वाले कर्मचारियों पर जांच कर विधि सम्मत कार्यवाही करे । ऐसी जन अपेक्षा की जा रही है स आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारीयो ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रेषित की गई है ।

# भारत–अमेरिका ट्रेड डील : किसान हो रहे लामबंद

भारत और अमेरिका के बीच हुए मुक्त व्यापार को लेकर किसानों का प्रदर्शन जारी है आने वाले समय में देश के अलग – अलग हिस्सों में प्रदर्शन होंगे । वहीं अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी इस डील को अनुचित बताया है। अपने ही देश की सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप कड़वे बोल बोल रहे है। वहीं भारत का विपक्ष सवाल उठा रहा है कि जब मामला वहां की कोर्ट में लंबित था तो भारत सरकार को ऐसी क्या जल्दी थी ट्रेड डील करने की कि हमारे कृशि को अमेरिका के लिए खोलना पड़ा, लेकिन सरकार मौन है। सवाल बहुत अहम है कि जब हम अपना सामान अमेरिका भेजेंगे तो वो हमसे टैक्स लेगा , लेकिन जब उनका सामान भारत आएगा तो भारत कोई टैक्स वसूल नहीं करेगा ।

आखिर ऐसी भी क्या मजबूरी रहीं होगी कि प्रधानमंत्री को इस तरह का समझौता अमेरिका के साथ करना पड़ा , जिसमें पूरी तरह से भारत का ही नुकसान है। यहीं नहीं हमारे देश के किसान वैसे ही दूसरी कई समस्याओं से परेशान रहते है उन्हें अपने ही देश में अपने अधिकार नहीं मिलते है उस पर दूसरे देश के उत्पाद यदि यहां सस्ते में उपलब्ध होंगे तो हमारे किसान की समस्याएं और बढ़ जाएंगी। आखिर क्यों ये सरकार किसानों के हकों को इस तरह मार रहीं है और किसान को और समस्याओं में घेरने की तैयारी कर रहीं है।

किसान भी चुप बैठने वाले नहीं है किसान संगठन अपनी तरफ से पूरी तैयारी में जुटे है और सभी किसान साथियों को आवहान दे रहे है कि हम सभी को एकजुट होना होगा और 19 मार्च को दिल्ली में एक साथ अपनी आवाज को बुलंद करना होगा ताकि सरकार के भी कान खड़े हो जाएं। उम्मीद है कि सभी किसान भाई एकजुट होकर अपनी बात सरकार के सामने रखेंगे और सरकार भी उनकी बातों को प्रधानता देगी क्योंकि देश के किसान देश और अपने हित की ही बात कर रहे है। सरकार को भी इस समझौते पर पुर्नविचार करना होगा

-श्रद्धा मंडलोई

# सोहागपुर में उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग सोहागपुर ने बताया कि मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत, सोहागपुर विकासखंड में दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों निवारी और नगतरा का संचालन करने में असमर्थता व्यक्त की गई है। इन दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र संस्थाएं विभाग की वेबसाइट **https:@@rationmitra-nic-in ij** एम–राशन मित्र पोर्टल के माध्यम से 23 फरवरी 2026 से 04 मार्च 2026 तक आवेदन दर्ज करा सकती हैं। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी तहसीलदार सोहागपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सोहागपुर, सहकारिता विस्तार अधिकारी सोहागपुर द्वारा की जाएगी और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

## नर्मदापुरम विधायक की अनुशंसा पर 06 हितग्राहियों हेतु 1 लाख 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 06 हितग्राहियों के लिए 1 लाख 10 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर विधायक निधि से इटारसी निवासी श्रीमती रोशनी कोरी को उपचार हेतु 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार इटारसी निवासी श्रीमती अनुसुइया, श्री गौतम चोरे, श्रीमती नीति जैन, श्री गौरव दीक्षित एवं श्री बलदेव मास्के को 20– 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मध्यप्रदेश में पर्यावरण के लिए कम हुआ बजट

( अमिताभ पाण्डेय )

भोपाल । इन दिनों प्राकृतिक संसाधनों के बेहिसाब दोहन से पूरी दुनिया के सामने लगातार बिगड़ते पर्यावरण को बचाना, बेहतर बनाना एक बड़ी चुनौती है।

पर्यावरण को बचाने बेहतर बनाने के लिए दुनिया के अलग–अलग देशों की सरकारें अपने–अपने स्तर पर लगातार काम कर रही हैं। दुनिया भर के देश पर्यावरण के दुष्प्रभाव से बचने के लिए लगातार cop29 जैसे बड़े–बड़े आयोजन कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में आए बदलाव का असर भी आम जनता पर सीधा हो रहा है। बिगड़ता पर्यावरण हमारे सामाजिक आर्थिक ताने–बाने को भी बहुत नुकसान पहुंचा रहा है यही कारण है कि विभिन्न देशों की सरकार पर्यावरण को बचाने और बेहतर बनाने के लिए तरह–तरह के कार्यक्रमों का संचालन कर रही है रक्षा स्वास्थ्य शिक्षा की तरह पर्यावरण को लेकर अलग–अलग देशों के सरकारों की चिंता उनके बजट में भी जाहिर होती है।

पर्यावरण को लेकर भारत में भी नई–नई योजनाएं नए–नए कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं और इसके लिए शासन की ओर से बजट प्रावधानों को योजना के अनुसार बढ़ाया जा रहा है। इधर मध्य प्रदेश इधर मध्य प्रदेश में इस वर्ष जो बजट आया है उसे बजट में राज्य सरकार की चिंता पर्यावरण के प्रति कुछ कम दिखाई देती है शायद यही कारण है कि इस वर्ष के बजट प्रावधान में पर्यावरण के लिए जो राशि रखी गई है वह पिछले बजट की तुलना में 20: काम है इस साल जो बजट प्रस्तुत किया गया उसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए जो कुल राशि रखी गई है वह कुल बजट का मंत्र 0 पॉइंट 0 0 7: है। इसका अर्थ यह है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वित्तीय वर्ष 2026–2027 में राज्य शासन के बजट में कुल बजट की एक प्रतिशत राशि भी वह किए जाने का प्रावधान नहीं है ।

मध्य प्रदेश के बजट से यह खुलासा होता है कि सरकार पर्यावरण को लेकर अधिक गंभीर नहीं है। शायद यही कारण है कि अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं, पर्यावरण प्रेमियों को यह बजट निराश करता है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने हाल ही में राज्य विधानसभा में 2026–27 का 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ का बजट पेश किया। इसे राज्य का पहला ग्रीन बजट ढांचा बताया गया, लेकिन वास्तविक आवंटन में जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर कमियाँ दिखाई देती हैं।

इस बजट में पर्यावरण संरक्षण के लिए मात्र 31 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष के 39 करोड़ से लगभग 20 प्रतिशत कम है। वहीं वन संरक्षण हेतु 6,121 करोड़ का बजट रखा गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। यह विरोधाभास स्पष्ट करता है कि सरकार वन संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है, लेकिन व्यापक पर्यावरणीय और जलवायु संकट को नजरअंदाज कर रही है।

सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि बजट में जलवायु परिवर्तन के लिए कोई स्पष्ट बजट लाइन नहीं दी गई है। न तो अनुकूलन (Adaptation) और न ही शमन (डपजपहंजपवद) कार्यक्रमों के लिए अलग प्रावधान किया गया है। कुल बजट का मात्र 0.007 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पर खर्च किया जा रहा है, जो नगण्य है।

यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब प्रदेश में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चरम मौसम की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की रिपोर्ट बताती है कि जनवरी 2022 से 2025 तक मध्यप्रदेश ने 598 दिनों में गंभीर मौसम का सामना किया, यानी लगभग हर तीसरे दिन। इस दौरान 1 हजार 439 लोगों की मौत हुई, 82 हजार 170 हेक्टेयर फसलें बर्बाद हुईं, 20 हजार 000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए और 6 हजार पशुओं की मृत्यु हुई। वर्ष 2024 में ही प्रदेश ने 176 चरम मौसम वाले दिन दर्ज किए, जिनमें 353 लोगों की मौत हुई और 25 हजार 170 हेक्टेयर प्रभावित हुए।

अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश की स्थिति और भी कमजोर दिखती है। राजस्थान ने अपने पहले ग्रीन बजट 2025–26 में कुल निधियों का 11.34 प्रतिशत सतत विकास और जलवायु परिवर्तन के लिए आवंटित किया। गुजरात ने जलवायु परियोजनाओं के लिए 165 करोड़ का प्रावधान किया। इसके विपरीत मध्यप्रदेश ने पर्यावरण बजट घटा दिया और जलवायु परिवर्तन का कोई उल्लेख नहीं किया।

राज्य ने हाल ही में मध्यप्रदेश राज्य जलवायु परिवर्तन क्रियान्वयन योजना 2023–28 तैयार की है, जिसमें 97,000 करोड़ का बजट प्रस्तावित है। लेकिन पर्यावरण विभाग का बजट मात्र 31 करोड़ है। यह गंभीर असमानता दर्शाती है कि कार्ययोजना के वित्तपोषण को लेकर स्पष्टता नहीं है। संभावित धन स्रोतों केंद्रीय योजनाएँ, अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त, निजी निवेश का उल्लेख अस्पष्ट है। इस अनिश्चितता के कारण कार्यान्वयन बाधित होता है।


बजट में आपदा राहत के लिए 715 करोड़ और राज्य आपदा निधि हेतु 564 करोड़ का प्रावधान किया गया है, लेकिन इनमें भी जलवायु दृष्टिकोण का समन्वय नहीं दिखता।

पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञ की मानें तो इस बजट से यह स्पष्ट है कि सरकार जलवायु संकट की गंभीरता को प्राथमिकता नहीं दे रही है। जब पूरी दुनिया जलवायु संकट से निपटने के लिए निवेश बढ़ा रही है, तब मध्यप्रदेश सरकार बिना जलवायु परिवर्तन का नाम लिए बजट पारित कर रही है। इसका सबसे बड़ा असर हाशिए पर खड़े समुदायों कृ दलित, आदिवासी, किसान, मछुआरे, महिला समूह, दिव्यांग और एलजीबीटीक्यू समुदाय पर पड़ रहा है, जो सीधे जलवायु आपदाओं से प्रभावित हो रहे हैं और जिनके पास संसाधनों की भारी कमी है। पर्यावरण के मुद्दे से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार मानते हैं कि मध्यप्रदेश का 2026–27 बजट ग्रीन बजट कहलाने के बावजूद जलवायु संकट से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति प्रस्तुत नहीं करता। यह न केवल सरकार की गंभीरता की कमी को दर्शाता है बल्कि भविष्य में बढ़ते जलवायु संकट से निपटने की क्षमता को भी कमजोर करता है। सरकार को चाहिए कि वह एक स्पष्ट बजट लाइन, समर्पित वित्तीय रणनीति और विभागीय समन्वय सुनिश्चित करे, ताकि जलवायु कार्य योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके और कमजोर समुदायों को सुरक्षा प्रदान की जा सके।

' लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ।

' संपर्क 9424466269



विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम



## श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)





हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है

असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

## पिपरिया डेन्टल क्लीनिक

(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

## सुपर सिलेक्शन

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...

## रघुजी नमकीन

एक विश्वास




रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,

-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471

## बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता My Cem Cement


श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

## द्वारका स्वीट्स् एवं चाट सेंटर

डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां







ताजी लस्सी मो. 9425310452




(पुड़ी सब्जी–गरमा गरम)

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## यह समय भी बीत जाएगा

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



हम सभी इंसान जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं। ये मानव के अस्तित्व का अभिन्न अंग है और इनसे बचा नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि जीवन-पथ पर हम ऊँच-नीच का सामना करते हैं तो क्या हम मन की शांति खोकर, अस्थिर बनना चाहेंगे ? अगर हम अपने आपको, ज़िंदगी में घटने वाली हर घटना से प्रभावित होने देंगे तो हमें लगेगा कि जैसे हम हर समय एक 'रोलर कोस्टर' की सवारी कर रहे हैं। हम आनंद की ऊंचाइयों से घोर निराशा की गहराइयों में पहुच जाएंगे और फिर अगले ही क्षण वापिस आनंद की अवस्था में होंगे। इस लगातार बदलाव से अक्सर भय, तनाव और आतंक पैदा होता है क्योंकि हमें कभी यह पता नहीं होता कि आगे क्या होगा। समय के साथ, भय और तनाव की यह अवस्था हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाती है और हम शांत या तनाव रहित नहीं हो पाते। क्योंकि जीवन के उतार चढ़ावों पर हमारा कोई खास नियंत्रण नहीं होता है, तो हम शांति और तनावरहित जीवन कैसे जिएँ ?

हम ध्यानाभ्यास और प्रार्थना के द्वारा इस शांत स्थान पर पहुंच सकते हैं। हमारे अंतर में समस्त दिव्य खजाने हैं। हम मात्र शरीर और मन नहीं हैं, बल्कि हम आत्मा है। आत्मा ज्योति, प्रेम और आनंद से भरपूर है। सृजनात्मक शक्ति यानी प्रभु और आत्मा, एक ही तत्व के बने हैं। अगर हम प्रतिदिन कुछ समय अंतरात्मा की शांति में व्यतीत करेंगे, तो हम आनंद के एक स्थान से जुड़ जाएंगे। तब हमारी ज़िंदगी की बाहरी परिस्थितियाँ हमें प्रभावित नहीं करेंगी। हम ज़िंदगी की अस्थायी अवस्थाओं से परेशान नहीं होंगे। हम एक स्थिर स्थान पर पहुंचना सीख जाएंगे, जो शांति और समन्वय से भरा हो, जो कि ज़िंदगी की बाहरी ऊँच-नीच के बावजूद हमें शाश्वत खुशी प्रदान करेगी।

जब अगली बार हमें दुख-दर्द हो तो हम याद रखें, 'यह समय भी बीत जाएगा।'' ये पाँच लफ्ज हमें तकलीफ में से, अधिक सहजता और विश्वास से गुज़रने में मददगार हो सकते हैं। ये हमें याद दिलाएंगे कि हम अपने अंतर में शांति के स्थिर स्थान को ध्यान-अभ्यास द्वारा खोजें।

अगली बार जब हम बहुत खुश हों तो हम याद रखें कि यह समय भी गुज़र जाएगा ताकि हम उनका लुत्फ उठा सकें और क्षणों के बीत जाने पर हम उदास न हों। ये हमें याद दिलाएंगे कि चाहे यह खुशी खत्म होकर, मुसीबत के दिन आएंगे पर एक दिन खुशी फिर से लौट आएगी। ये हमें याद दिलाएंगे कि हम ध्यान-अभ्यास के द्वारा अंतर में शांति स्थल की खोज करें, क्योंकि वह हमें स्थायी खुशी प्रदान करेगा।

ध्यान-अभ्यास द्वारा हमें यह भी अनुभव होगा कि दुनिया की हर चीज़ अस्थाई और अनित्य (नश्वर) है। इस ज्ञात को पाकर, हम जीवन की तमाम उथल-पुथल में भी अपना संतुलन नहीं खोते। एक शांत और स्थिर स्थान पा लेने के बाद हम संसार सागर के हर तूफान का धैर्यपूर्वक सामना कर पाते हैं। हम इस शांत स्थान तक ध्यान के अभ्यास द्वारा पहुँच सकते हैं।

अंत में हम यह न भूलें कि जिन हालात से हम सब गुज़र रहे हैं, वो हमेशा ऐसे नहीं रहेंगे। हम इन हालात से बाहर अवश्य निकलेंगे। यदि हम शांत-चित्त होकर प्रतिदिन परमात्मा का स्मरण करेंगे तो ज़िंदगी के इस क्षणिक दौर में विचलित नहीं होंगे। हम शांति एवं स्थिरता से परिपूर्ण एक ऐसी अवस्था पा लेंगे जहाँ बाहरी उथल-पुथल के बावजूद, हम सदा की खुशी का अनुभव करेंगे।

## नवांकुर नर्सरी का काम प्रारंभ हुआ

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** तुलसी सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति के द्वारा नवांकुर नर्सरी का काम प्रारंभ हुआ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय नवांकुर नर्सरी का काम प्रारंभ हुआ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ईशरपुर में नवांकुर नर्सरी का प्रारूप तैयार करके उस पर काम प्रारंभ कर दिया गया है,



जिसमें कुछ फूलदार पौधे लगाए गए हैं। इसके बाद फलदार पौधे तैयार किए जाएंगे। जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वय श्रीमती सुखवती वर्मा जी ने बताया कि ग्राम विकास प्रस्तुत समिति को नवांकुर नर्सरी के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आय प्राप्त हो और वे आत्मनिर्भर हों। जन अभियान परिषद के परामर्शदाता श्री गोविंद पटेल, नवांकुर संस्था अध्यक्ष तुलसी राम कहार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ईशरपुर सचिव श्री चंदन सिंह कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ईशरपुर अध्यक्ष श्री नारायण दास सवैया जी की धर्मपत्नी उपस्थिति रही। नवांकुर संस्था, तुलसी सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ईशरपुर के संयुक्त प्रयासों से नवांकुर नर्सरी का काम किया जा रहा है।

## अर्ध–नारीश्वर अवतार शिव और शक्ति के मिलन और संतुलन को दर्शाता है– आचार्य बंगला दास जी महाराज।

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** पिपरिया – भगवान शिव एक विशाल और बहुआयामी अवधारणा है, जो एक योगी तपस्वी ब्रह्मांड के संहारक और पुनर्निर्माता और एक गृहस्थ के रूप में उनके विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है जिनकी कहानियाँ सती और पार्वती से विवाह दक्ष यज्ञ का नाश और आदियोगी के रूप में ज्ञान के प्रसार जैसी प्रमुख कथाओं में निहित हैं। वह शून्यता से जन्म लेने वाले और शून्यता में विलीन होने वाले परम तत्व हैं। जिनमें विविध भूमिकाएँ क्षमताएँ व्यक्तित्व भक्ति के मार्ग और कथाएँ समाहित हैं। हिंदू त्रिमूर्ति में वे ब्रह्मांड के संहारक हैं जो सृष्टिकर्ता ब्रह्मा और संरक्षक विष्णु के कार्यों का अनुसरण करते हुए संसार को विनाश की ओर ले जाते हैं। उक्त प्रेरक प्रसंग पंडित गोपाल कृष्ण तिवारी द्वारा गांधी वार्ड पाली रोड में चल रही साप्ताहिक शिव महापुराण कथा में आए भक्त जनों को अपने मुखार विंद से पंचम दिवस की कथा में रसपान कराए।




पंडित गोपाल कृष्ण तिवारी ने कथा में बताया कि शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। राम रावण शनि कश्यप ऋषि आदि इनके भक्त हुए है। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है इसलिये उन्हें महादेव कहा जाता है। कथा श्रवण करने आए क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने पूज्य शास्त्री जी का पुष्प माला पहनकर तथा व्यास गादी का पूजन कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया तथा श्रद्धालु भक्तजनों से मां नर्मदा में कचरा ना डालकर उन्हें प्रदूषण से मुक्त रखने का आह्वान किया। तथा शिव पुराण कथा में पुष्पांजलि प्रस्तुत करने वाली नन्ही बालिकाओं की सराहना करते हुए उन्हें नगद राशि देकर सम्मानित किया । पंडित तिवारी ने कथा में बताया कि पुष्पांजलि ब्रह्माजी की सृष्टि रचना को आगे बढ़ाने के लिए शिवजी ने अपना आधा शरीर स्त्री (शक्ति) का और आधा पुरुष का कर लिया। यह अर्ध–नारीश्वर अवतार, शिव और शक्ति के मिलन और संतुलन को दर्शाता है। भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरता का रहस्य अमरनाथ गुफा में सुनाया था जहाँ उन्होंने अपने सभी गणों और सांसारिक बंधनों को पीछे छोड़ दिया था। पीतांबरा शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर आचार्य बंगला दास जी महाराज ने कथा का रसपान करने आए श्रद्धालु भक्तजनों को भगवान शंकर के विभिन्न स्वरूपों के वर्णन से अवगत कराते हुए कथा में बताया कि ब्रह्माजी की सृष्टि रचना को आगे बढ़ाने के लिए शिवजी ने अपना आधा शरीर स्त्री (शक्ति) का और आधा पुरुष का कर लिया। यह अर्ध–नारीश्वर अवतार शिव और शक्ति के मिलन और संतुलन को दर्शाता है। भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरता का रहस्य (अमर कथा) अमरनाथ गुफा में सुनाया था, जहाँ उन्होंने अपने सभी गणों और सांसारिक बंधनों को पीछे छोड़ दिया था। ज्ञात हो कि संगीतमय शिव महापुराण की सात दिवसीय कथा का आयोजन अर्धनारीश्वर मंदिर प्रांगण में नायक परिवार द्वारा 12 फरवरी से 18 फरवरी तक कराया जा रहा है इस संगीतमय महाशिवपुराण कथा में धर्म प्रेमी जन सेवा भाव से कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम में वामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहा है जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वामसेफ वामन मेश्राम साहब एवं भारत मुक्ति मोर्चा नई दिल्ली के मार्गदर्शन में हो रहा है कार्यक्रम के उद्घाटक प्रदेश अध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सरजेराव सहारे मुख्य अतिथि केपी भूम्मरकर अध्यक्ष बामसेफ मध्य प्रांत विशिष्ट अतिथि इंजी आर बी बड़कुर रिटायर अभियंता बामसेफ जिला अध्यक्ष एन के बछले ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद पी डोंगरे सी ई सी मेम्बर बामसेफ नई दिल्ली प्रशिक्षण का उद्देश्य है आजाद भारत में मूलनिवासी गुलाम है एक चर्चा नई शिक्षा नीति 2020बहुजनो के हित में नहीं है गुलाम बनाने का एक षणयंत्र है ओ बी सी की जाति आधारित गणना ना करना उनके विकास को रोकने का एक षणयंत्र है धोखे बाजी है ईवीएम के द्वारा स्वतंत्र निष्पक्ष आदि पारदर्शी चुनाव नहीं कराया जा रहा है सरकार तानाशाही मनमानी के चलते ईवीएम से चुनाव कराकर धांधली कर सत्ता हासिल कर रहीं हैं एक चर्चा इन तमाम बातों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही गई शिविर में शामिल होकर संविधान शिक्षा एवं रोजगार बचाने के संघर्ष में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ।

## नगवाडा मे प्रस्फुटन समितियों की आयोजित हुई

बनखेडी । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की बैठक का आयोजन किया। उपस्थित समितियों को विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने की बात कही उन्होंने पोलीथीन का विकल्प कपड़े थैलों का उपयोग करने का लोगों से आग्रह किया। ग्रामों में नारे लेखन पर जोर दिया।विलेज लाइफ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष भागीरथ कुशवाहा ने सभी क आभार प्रकट किया।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई

## लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । बुधवार 25 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के दिशा-निर्देशन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत श्री हिमांशु जैन ने की।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत, डीएचओ डॉ. सृजन सेंगर, सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, डॉ. सुनीता नागेश, आरएमओ श्री गजेंद्र यादव, जिला परियोजना अधिकारी श्री ललित डेहरिया, जिला मीडिया प्रभारी श्री सुनील साहू, डीपीएम सुश्री कविता भोई सहित समस्त सीबीएमओ, बीएमओ, सीडीपीओ, बीईई, बीपीएम तथा स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीईओ श्री जैन ने स्वास्थ्य विभाग के 22 प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की गहन समीक्षा की। इनमें गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन एवं चार अनिवार्य जांच, एनीमिक गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, नवजात शिशुओं की गृह भेंट, पूर्ण टीकाकरण, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग, टीबी जांच, सिकल सेल अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता शामिल रहे।

उन्होंने विकासखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले विकासखंडों को 15 दिवस के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए। लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में आगामी बैठक में कार्य में लापरवाही बरतने वाले एएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं संबंधित मॉनिटरिंग अधिकारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति अथवा निलंबन की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश सीएमएचओ को दिए गए। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण सहित बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई तथा इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई। सीईओ जिला पंचायत के निर्देशानुसार श्रम विभाग की प्रतिनिधि सुश्री सरिता साहू द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की पात्रता, मासिक अंशदान, लाभ, पंजीयन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पात्रता अनुसार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वित प्रयासों पर जोर दिया गया।

## वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च 2026 को

जनसंपर्क नर्मदापुरम । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत होगी, जो तहसील स्तर के न्यायालयों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक पूरे भारत में आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जाएंगे, जिनमें आपराधिक मामले, विद्युत चोरी, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण, सिविल, भू-अर्जन आदि शामिल हैं। इसके अलावा, ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में नहीं पहुंचे हैं, उन्हें भी प्रीलिटिगेशन के तौर पर इस लोक अदालत में निपटाया जाएगा, जिनमें जलकर, संपत्तिकर, बैंक ऋण वसूली, ट्रेफिक चालान, टेलीफोन बिल बकाया, विद्युत बिल बकाया आदि के मामले शामिल हैं। इस लोक अदालत में संबंधित विभागों द्वारा अधिभार में विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सचिव श्री विजय कुमार पाठक ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते और सुलह के आधार पर प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा।

## 9899 बोरी की मूंग गायब पाए जाने के मामले में एकलव्य वेयरहाउस को किया गया ब्लैकलिस्टेड

जनसंपर्क नर्मदापुरम । 04 करोड़ 22 लाख 21 हजार 710 रुपए की 9899 बोरी मूंग गायब (चोरी) पाए जाने के मामले में माखन नगर स्थित एकलव्य वेयरहाउस को आगामी आदेश तक भंडारण व्यवस्था से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वेयरहाउस संचालक सहित अधिकृत प्रतिनिधि एवं चौकीदार के विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही भी की गई थी। उक्त संबंध में संचालक से पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था किंतु उत्तर ना प्रस्तुत किए जाने की दशा में वेयरहाउस को आगामी आदेश तक भंडारण व्यवस्था से पृथक कर ब्लैकलिस्टेड किया गया है।

Prime Motivation Institute

एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......

प्रवेश प्रारंभ

Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida

उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy

Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

## एकलव्य वेयरहाउस में मूंग चोरी पर वेयरहाउस संचालकों पर एफआईआर दर्ज

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।जनसंपर्क नर्मदापुरम । एकलव्य वेयर हाउस में गत दिवस 9899 बोरी मूंग चोरी (गायब होने) की घटना की लिखित शिकायत करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन श्री अतुल सोरटे ने एकलव्य वेयरहाउस की संचालिका श्रीमती आरती तोमर पति श्री नरेंद्र तोमर एवं अमित तोमर तथा चौकीदार अमर कोल के विरुद्ध थाना माखन नगर में एफआईआर दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि एकलव्य वेयर हाउस में रखे हुए 9899 बोरी मूंग जिसका मूल्य 04 करोड़ 22 लाख 21 हजार 710 रुपए है एकलव्य वेयरहाउस से नदारद पाया गया है।

DOLLY ICE CREAM PARLOUR & BAKERY SHOP
Vadilal

कमलेश प्रिंटिंग प्रेस सांडिया रोड, पिपरिया
प्रो. कमलेश मंडलोई


न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु केस्वागत केलिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया

विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।

विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन-मो. 9425475530

चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

।। ॐ भूर्भुव: स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न: प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

**ऋषि चिंतन के सान्निध्य में**

## दुर्बलता एक पाप है

जो व्यक्ति किसी विशेष दिशा में महत्त्व प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें चाहिए कि अपने इच्छित मार्ग के लिए शक्ति-संपादन करें। सच्ची लगन और निरंतर प्रयत्न, यही दो महान साधनाएँ हैं, जिनसे भगवती शक्ति को प्रसन्न करके उनसे इच्छित वरदान प्राप्त किया जा सकता है। आपने अपना जो भी जीवनोद्देश्य बनाया है, उसे पूरा करने में जी-जान से जुट जाइए। सोते-जागते उसी के संबंध में सोच विचार करते रहिए और आगे का मार्ग तलाश करते रहिए। परिश्रम ! परिश्रम !! परिश्रम !!! आपकी आदत में शामिल होना चाहिए। स्मरण रखिए, अपना कोई भी मनोरथ क्यों न हो, वह शक्ति द्वारा ही पूर्ण हो सकता है। इधर- उधर बगलें झाँकने से कुछ नहीं हो सकता। पुरुषार्थी लोग ही पवित्र होते हैं और पवित्र कार्य करते हैं।

श्रेष्ठ बल के लिए उत्तम भाषण और उत्तम कर्म करो। सतत् परिश्रम करने वाले को सैकड़ों प्रवाहों से यश प्राप्त होता है। इस संसार में आप जहाँ हो, जिस परिस्थिति में हों, जीवन के किसी भी क्षेत्र में अग्रसर हो रहे हों, शक्ति अर्जन कीजिए। इस संसार में दुर्बलता सबसे बड़ा पाप है। दुर्बल को हर कोई दबाता है। कमजोर सर्वत्र नारकीय यंत्रणाएँ भोगते देखे जाते हैं।

हे समर्थ परम दृढ़ परमेश्वर। मुझे दृढ़ बना दे, जिससे मैं तेरे संदर्शन में, तेरी ठीक दृष्टि में चिरकाल तक जीता रहूँ। तेरे सम्यक् दर्शन में दीर्घ आयु तक जीता रहूँ।

-अखण्ड ज्योति -जनवरी 1957 पृष्ठ-25




### पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।

# कलेक्टर के निर्देशानुसार जिलेभर में प्रशासन की अवैध खनिज उत्खनन पर सख्त कार्रवाई जारी

## ट्रक, डंफर, ट्रैक्टर ट्राली सहित 10 से अधिक वाहन जब्त

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्रवाई जारी है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा व्यापक अभियान चलाकर कर कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत सप्ताह में अवैध खनन एवं खनिज का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर कई वाहनों को जब्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा समस्त अनुभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में अवैध उत्खनन के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री विजय राय के नेतृत्व में सिवनी मालवा क्षेत्र में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। ग्राम बाबरी से अवैध रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर चार ट्रैक्टर–ट्रॉलियों को जब्त कर पुलिस थाना शिवपुर एवं पुलिस थाना सिवनी मालवा में अभिरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

इसी क्रम में रात्रि कार्रवाई के दौरान 05 वाहन (01 ट्रक एवं 04 डंपर) को रेत एवं अन्य खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना प्रभारी सिवनी मालवा के सुपुर्द किया गया। साथ ही गिट्टी के अवैध परिवहन के मामलों में भी संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। नर्मदापुरम क्षेत्र में जासलपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर खनिज एवं राजस्व टीम द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। साथ ही माइनिंग, राजस्व सहित आरटीओ टीम द्वारा रायपुर रेत खदान नर्मदापुरम पर अवैध रेत परिवहन/ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे भी उपस्थित रहे।

तहसील बनखेड़ी में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त की गई। तहसील पिपरिया में भी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली को रेत के अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया। सोहागपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री प्रियंका भलावी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 03 ट्रैक्टर–ट्रॉलियों को जब्त कर थाना परिसर सोहागपुर में अभिरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध उत्खनन एवं खनिज के अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर


के सोने व चांदी की

शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज -**
लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

☞ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
☞समृद्धि प्लास्टिक्स
☞पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
☞LED लाईट्स
☞कंस्ट्रक्शन केमिकल
☞सुप्रीमो पानी की टंकिया
☞RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
☞LED लाईट्स
☞समस्त हार्डवेयर
☞CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

**ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें**

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया
मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर- आनंदा गट्टानी

### मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

**कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम**

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेन सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

# 'ट्रेड–डील' में सोयाबीन – पिछले दरवाजे से प्रवेश देने का कारनामा

–अरविंद सरदाना

अमरीका के साथ हुई हाल की 'ट्रेड–डील' के बारे में जितना, जो कुछ पता चल रहा है उससे उजागर हो रहा है कि यह 'डील' भारत के किसानों के लिए भांति–भांति के संकट खड़े करेगी। सोयाबीन उनमें से एक है। प्रस्तुत है, 'ट्रेड – डील' में सोयाबीन की बदहाली पर अरविंद सरदाना का यह लेख।–संपादक

भारत–अमेरिका के बीच प्रस्तावित 'ट्रेड डील' में यह दावा किया गया है कि खेती और किसान हित पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन जब हम इसके प्रावधानों की तह में जाते हैं, तो तस्वीर उतनी साफ़ नहीं दिखती। सतह पर सुरक्षा का आश्वासन है, पर बारीकियों में कई ऐसे प्रावधान छिपे हैं जो किसानों, विशेषकर सोयाबीन उत्पादकों के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं।

केवल सोयाबीन के संदर्भ पर ध्यान केंद्रित करें तो दो ऐसी आयातित वस्तुएँ हैं, जो यदि अमेरिका से भारत में बड़े पैमाने पर प्रवेश करती हैं, तो देश के किसानों को भारी नुकसान पहुँचा सकती हैं। इसमें पहला है, 'डीडीजीएस' (डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स विद सोल्यूबल्स)। यह इथेनॉल उत्पादन प्रक्रिया (मुख्यतः मक्का) से बचा हुआ एक उच्च प्रोटीन और पौष्टिक उप–उत्पाद है, जिसका उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जाता है। यह फाइबर, प्रोटीन और वसा से भरपूर होता है, जो मवेशियों, पोल्ट्री और मछली के लिए एक बेहतरीन आहार है।

अमेरिका में मक्का से बड़े पैमाने पर इथेनॉल का उत्पादन होता है जिसके निर्माण के बाद जो अवशेष बचता है, वह एक प्रकार की खली होती है। अब तक भारत में इसे अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि इससे देश में उत्पादित सोयाबीन खली के बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता। यदि सस्ती दरों पर 'डीडीजीएस' का आयात होता है, तो पशु–आहार उद्योग घरेलू सोयाबीन खली की जगह इस आयातित विकल्प को प्राथमिकता देगा। इसका सीधा असर सोयाबीन की मांग और कीमतों पर पड़ेगा, जिससे किसानों की आय प्रभावित होगी। सबसे बडी चिंता यह है कि अमेरिका में उत्पादित अधिकांश मक्का 'जीएम' यानि अनुवांशिक रूप से संशोधित है। भारत में 'जीएम' खाद्य एवं फीड पर सख्त प्रतिबंध और नियामक नियंत्रण हैं। ऐसे में 'डीडीजीएस' का आयात न केवल आर्थिक, बल्कि जैव–सुरक्षा और नीतिगत प्रश्न भी खड़े करता है।

दूसरा, कच्चा सोयाबीन तेल। यदि अमेरिका से कच्चा सोयाबीन तेल आयात कर केवल भारत में उसका रिफाइनिंग किया जाता है, तो इसका लाभ प्रसंस्करण उद्योग को तो मिल सकता है, परंतु घरेलू सोयाबीन उत्पादकों को नहीं। इससे भारतीय किसानों द्वारा उत्पादित सोयाबीन की खपत और कीमत दोनों प्रभावित होंगी।

सोयाबीन की स्थानीय खली के मुकाबले आयातित 'डीडीजीएस' सस्ता पड़ता है। इस कारण इसका पशु–आहार में उपयोग बढ रहा है। अभी तक इन दोनों में घरेलू बाज़ार में कुछ प्रतिस्पर्धा है। अमेरिका से आयात के बाद यह प्रतिस्पर्धा बहुत तेज हो जाएगी, क्योंकि यह और भी सस्ता होगा। अभी आयात पर कोटा लगाया गया है – केवल 5 लाख टन ही आयात कर सकते हैं, परन्तु एक बार दरवाज़ा खोल दिया, तो यह बढ़ता ही जाएगा। यह चिंताजनक है, क्योंकि देशी सोयाबीन का बाज़ार मूल रूप से बदल गया है। कारखाने पहले अधिकमात्र में इसका निर्यात करते थे, अब उनका 80: बाज़ार घरेलू माँग से पूरा होता है। अमेरिकी 'डीडीजीएस' आयात से सोयाबीन खली का भाव गिरेगा। खली का भाव गिरते ही मंडी में सोयाबीन का भाव गिरेगा। इस पर ध्यान देना चाहिए कि सोयाबीन तेल और उसकी खली जुड़वा उत्पाद हैं। वज़न के हिसाब से सोयाबीन में तेल केवल 20: है, बाकी खली है। कारखाने के लिए मूल्य के हिसाब से देखें तो खली के कारण 60: आय होती है। वर्तमान परिस्थिति में कारखाने देशी खली को घरेलू बाज़ार में ही बेच पाएँगे। निर्यात के मौके सीमित हैं। अमेरिका की खली का आयात सोयाबीन के भाव को कमज़ोर करेगा। इसे रोकना चाहिए।

अमेरिका से आयात की अनुमति सूची में सोयाबीन तेल को जोड़ा गया है। सोयाबीन के कच्चे तेल के आयात पर अभी 16 5: आयात शुल्क लगता है। अमेरिका से आयात करने पर क्या शुल्क होगा, अभी सौदेबाज़ी की स्थिति में है। यदि अमेरिका के लिए आयात–शुल्क कम कर दिया तो इसका गंभीर प्रभाव होगा।

सोयाबीन तेल के व्यापार का ढाँचा बहुत नाजुक मोड़ पर है। भारत में सोयाबीन तेल की खपत का एक हिस्सा घरेलू कारखानों से आता है और यह 30 से 40 प्रतिशत ही है। ये कारखाने, किसानों से सोयाबीन खरीदते हैं और तेल का उत्पादन करते हैं। बाकी 60 प्रतिशत, कच्चे सोयाबीन तेल को आयात करके उसे रिफाइन कर, घरेलू बाज़ार में बेचा जाता है। वर्ष 2024–25 का आंकड़ा देखें तो हमने केवल 17 लाख टन तेल का उत्पादन किया और 55 लाख टन आयात किया है। हम आयात पर निर्भर हैं, न कि अपने किसानों और सोयाबीन तेल निकलने के कारखानों पर।

तेल बनाने वाले कारखाने लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर चल रहे हैं। तेल की माँग है, पर ये कारखाने अपने को सीमित रख रहे हैं, क्योंकि सोयाबीन की खली का बाज़ार संकुचित हो गया है और वर्तमान आयात शुल्क कम है जिससे रिफाइनरी वालों को फायदा है। खाद्य तेल का भाव और सोयाबीन आयात को सीमित रखने में संतुलन की ज़रूरत है। किसान और उपभोक्ता दोनों का हित देखना चाहिए। इस परिस्थिति में यदि अमेरिका से सस्ता, कच्चा सोयाबीन तेल आयात किया, जो वर्तमान आयात शुल्क से भी कम होगा तो यह कारखानों को बहुत बुरी तरह प्रभावित करेगा। तेल का भाव गिरेगा और कारखाने अपनी माँग और कम कर देंगे। इसका सीधा असर सोयाबीन के भाव और उसकी खेती पर होगा। यदि मंडी भाव 3000 से 3500 पर आ जाए तो इससे उबरना संभव नहीं होगा। यहां भावान्तर भी नहीं चलेगा।

अमेरिका की व्यापार नीति अक्सर ऐसी मानी जाती है कि वह सीधे टकराव के बजाय "पीछे के दरवाज़े" से बाज़ार में पैर जमाने की कोशिश करती है धीरे–धीरे अपने उद्योगों के लिए रास्ता बनाते हुए। ऐसे प्रयासों पर सतर्कता और आवश्यक नियंत्रण ज़रूरी है, परंतु केवल रोक से बात नहीं बनेगी। सोयाबीन उद्योग एक नाजुक मोड़ पर है। उसे उभरने के लिए चाहिए कि देशी खली का बाज़ार बढ़े और इस पर शोध किया जाए। भारत की देशी खली 'जीएम' मुक्त है और कई देशों में इसकी माँग बढ़ सकती है। एक विडंबना है कि सोयाबीन प्रोटीन युक्त है और हमारे देश में प्रोटीन की कमी है, पर हम इसे अपने खान–पान में पर्याप्त शामिल नहीं कर पा रहे हैं। बाज़ार बढ़ाने के लिए सोयाबड़ी का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। साथ ही सोया आटे को अन्य आटे में मिलाया जा सकता है।


सवाल यह है कि क्या "खेती को सुरक्षित रखने" का आश्वासन केवल एक औपचारिक वाक्य है, या वास्तव में किसानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस सुरक्षा प्रावधान भी मौजूद हैं? 'ट्रेड डील' केवल व्यापार का दस्तावेज़ नहीं होती वह लाखों किसानों की आजीविका, बाजार संरचना और खाद्य सुरक्षा की दिशा तय करती है। इसलिए आवश्यक है कि सोयाबीन जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों के संदर्भ में हर प्रावधान को पारदर्शिता और दूरदर्शिता के साथ रखा जाए। (सप्रेस)


श्री अरविन्द सरदाना 'एकलव्य फॉउन्डेशन' के पूर्व–निदेशक हैं।








गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स


सीमेंट रोड, पिपरिया
अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल


पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबवेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान

महावीर पाइप्स
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो
पाठक जी की चाल सांडिया

रोड, पिपरिया

शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कार्न्फेस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

## वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर का किया गया आयोजन

जनसंपर्क नर्मदापुरम । गत दिवस नर्मदापुरम जिले में आयुक्त आयुष विभाग भोपाल, आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ श्रीराम करोंजिया के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रोटरी क्लब रामवृद्ध कल्याण जन समिति न्यास कॉलोनी इटारसी एवं पिपरिया में नगर पालिका वृद्धा आश्रम बस स्टैंड पिपरिया पर आयोजित किया गया।

शिविर में योग प्राणायाम, आयुर्वेद संबंधी प्रश्नोत्तरी, घरेलू एवं औषधियां इलाज का महत्व, मानसिक मनोबल आदि बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव एवं क्रियाविधि में की गई। जिले से आए आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों के द्वारा परीक्षण कर निशुल्क औषधीय प्रदान की गई। इटारसी में 45 वृद्धजनों एवं आम जनों का उपचार किया गया, एवं पिपरिया वृद्ध आश्रम में 51 वृद्ध एवं आम जनों का उपचार किया गया।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए बन रही वरदान

योजनान्तर्गत नर्मदापुरम के 03 बच्चों का अहमदाबाद में हुआ सफल ऑपरेशन

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क उपचार एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन का अवसर मिल रहा है।



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत जे.पी. चिकित्सालय भोपाल में सत्यसांई हॉस्पिटल अहमदाबाद द्वारा आयोजित बाल हृदय स्वास्थ्य शिविर में नर्मदापुरम से 25 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ जे.पी. हॉस्पिटल भोपाल पहुँचे। जिनमें से 19 बच्चे हृदय रोग सर्जरी हेतु चयनित किये गये हैं। डॉ उमेश सिंह आरबीएसके चिकित्सा अधिकारी के साथ 3 बच्चे हृदय रोग सर्जरी कराने के लिए अहमदाबाद हेतु रवाना हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत 11 वर्ष पिता श्री भागीरथ अहिरवार महुआखेड़ाखुर्द सोहागपुर, हरि बाई 8 वर्ष पिता श्री मोहन सिंह किशनपुर भौंखेड़ीकला सोहागपुर,दिशा महोविया 7 वर्ष पिता श्री अमित महोविया वार्ड नं 01 इटारसी का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत संपन्न हुआ। सभी बच्चे तथा उनके परिजन सफल ऑपरेशन उपरांत सकुशल रेलवे के माध्यम से वापस जिले में पहुंचे। बच्चों के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत, जिला समन्वयक कविता साल्वे सहित समस्त जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र नर्मदापुरम स्टॉफ का आभार व्यक्त किया है।

## बोर्ड परिक्षाओं का अधिकारियों द्वारा किया जा रहा निरंतर निरीक्षण

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण कर निर्विघ्न एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण कर परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र वितरण, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, कक्ष व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से जांच की जा रही है। जिले में अब तक किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता स्पष्ट होती है। निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता दल द्वारा भी आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में सोहागपुर एसडीएम सुश्री प्रियंका भलावी द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर का निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी गतिविधियों का अवलोकन किया गया। वहीं बनखेड़ी तहसीलदार श्रीमती अंजू चौहान द्वारा मॉडल स्कूल वाचावानी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

## रेल यात्रियों को होली पर अतिरिक्त सुविधा, महू से पटना के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

होली पर यात्रियों की भीड़ देखते हुए पश्चिम रेलवे ने इंदौर, महू और रतलाम से पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया। 26 फरवरी से पटना, कटिहार और गोरखपुर के लिए सेवाएं शुरू होंगी।

होली के मद्देनजर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए पश्चिम रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। रतलाम मंडल से होकर पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है। जिससे इंदौर और मालवा क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधी और अतिरिक्त यात्रा सुविधा मिलेगी। इन स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग पीआरएस काउंटर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू कर दी गई है ताकि त्योहार के समय यात्रियों को आसानी से कन्फर्म सीट मिल सके।



सबसे अहम सेवा ट्रेन संख्या 09343/09344 डॉ. आंबेडकर नगर-पटना साप्ताहिक स्पेशल है। यह ट्रेन 26 फरवरी से 26 मार्च तक चलाई जाएगी। हर गुरुवार को यह ट्रेन शाम 6 बजे डॉ. आंबेडकर नगर (महू) से रवाना होकर 6.30 बजे इंदौर पहुंचेगी। इसके बाद उज्जैन और मक्सी होते हुए अगले दिन पटना पहुंचेगी। वापसी यात्रा में यह ट्रेन हर शुक्रवार को रात 9रू30 बजे पटना से चलेगी और शनिवार रात 11.10 बजे इंदौर पहुंचेगी।

रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, रतलाम मंडल को इस बार विशेष रूप से पांच होली स्पेशल ट्रेनें आवंटित की गई हैं। इनमें से एक प्रमुख ट्रेन इंदौर होकर गुजरेगी। जिससे यात्रियों को सीधे बिहार जाने का लाभ मिलेगा। यह सेवा विदिशा, बीना, सतना, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर पटना तक जाएगी जिससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों के यात्रियों को सीधा संपर्क मिलेगा।डच ज्तंअमस ळनपकम

ट्रेन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसी, स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच लगाए गए हैं। इसके अलावा मुंबई-कटिहार, मुंबई-बनारस एसी स्पेशल, वडोदरा-गोरखपुर और वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें भी रतलाम मंडल से होकर संचालित होंगी। इन सेवाओं से इंदौर के यात्रियों को उज्जैन और रतलाम के माध्यम से बिहार, वाराणसी, गोरखपुर और पूर्वांचल क्षेत्र तक अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि होली के दौरान घर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है।

-हम समवेत

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019
किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक
डॉ. सुयश शर्मा
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
मिलने का समय-
प्रातः 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक
डॉ.विभा शर्मा
MBBS,MD,FIPM
मिलने का समय-
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक
नोट - आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।
उपलब्ध सुविधाएँ-डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर
स्थान-अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com